This question paper contains 7 printed pages]

*Your Roll No.*..............................

**7944**

**LL.B./IV Term** **E**

Paper LB—4038 : INTELLECTUAL

PROPERTY LAW—I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

*Note* :— Answers may be written either in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. What is distinctiveness in trade marks ? Can a label consisting of the word "*Thanda-Thanda Cool-Cool*" written in an artistic manner with a picture of snow clad hills be registered as trade-mark for air-conditioners ? Discuss with the help of case law.

व्यापार चिह्नों में सुभिन्नता क्या होती है ? क्या बर्फाच्छादित पहाड़ियों के चित्र के साथ कलात्मक रीति में लिखित "*Thanda-Thanda Cool-Cool*" शब्दों वाले लेबिल को एअर-कंडीशनरों के वास्ते व्यापार-चिह्न के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जा सकता है ? निर्णय विधि की सहायता से विवेचना कीजिए।

2. Mr. A applies for the registration of the mark PHILLIPS for footwears. Can the Registrar refuse registration of PHILLIPS mark, which is already in use on electronic products in several countries ? Answer your question considering PHILLIPS as a well-known trademark. Will there be any difference in your answer if Mr. A fails to establish before the Registrar that it is a well known trademark under section 11 ? Answer in the light of the provisions of section 9 and 11.

मिस्टर A जूतों आदि के वास्ते PHILLIPS चिह्न के रजिस्ट्रीकरण हेतु अर्जी देता है। क्या रजिस्ट्रार PHILLIPS चिह्न, जिसका अनेक देशों में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए प्रयोग किया जा रहा है, के रजिस्ट्रीकरण से मना कर सकता है। सुविख्यात व्यापार-चिह्न के रूप में PHILLIPS पर विचार करते हुए अपने प्रश्न का उत्तर लिखिए। यदि मि. A रजिस्ट्रार के समक्ष यह स्थापित करने में विफल होता कि यह धारा 11 के अन्तर्गत सुविख्यात व्यापार-चिह्न है तो क्या आपके उत्तर में कुछ अंतर आता ? धारा 9 और 11 के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए उत्तर दीजिए।

3. Discuss the principles followed by the courts while deciding the issue of deceptive similarity in passing off cases. Is there any change in the principles if the goods are medicinal products as against other non-medical products ? Comment with the help of case law.

पासिंग ऑफ (Passing off) केसों में इतनी समरूपता, जिससे धोखा हो जाए, के मुद्दे को विनिश्चित करते समय न्यायालयों द्वारा अपनाए गए सिद्धांतों का विवेचन कीजिए। यदि माल गैर-औषधीय उत्पादों से अन्यथा औषधीय उत्पाद हों तो क्या सिद्धांतों में कोई परिवर्तन हुआ है ? निर्णय विधि की सहायता से टिप्पण कीजए।

4. Explain the meaning of "Use of later mark without due cause would take unfair advantage of or be detrimental to the distinctive character" of earlier trademark.

''उचित कारण बिना परवर्ती चिह्न का प्रयोग पूर्ववर्ती व्यापार चिह्न का अनुचित लाभ उठाएगा अथवा उसके सुभिन्न स्वरूप के लिए हानिकर होगा''–इसका अर्थ स्पष्ट कीजिए।

5. (*a*) Write a note on abuse of IPRs. Differentiate it with enforcement of IPRs.

बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के दुरुपयोग पर एक टिप्पणी लिखिये। इसको बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के प्रवर्तन से सुभेदित कीजिए।

(*b*) Discuss the meaning of 'well-known trademarks' under the Trademarks Act, 1999 and also the relevant factors for determining a trademark as a well-known trademark under section 11(6) of the Act.

व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के अंतर्गत "सुविख्यात व्यापार चिह्न" के अर्थ का और अधिनियम की धारा 11(6) के अन्तर्गत सुविख्यात व्यापार चिह्न के रूप में व्यापार चिह्न को अवधारित करने हेतु सुसंगत कारकों का विवेचन कीजिए।

6. Who can obtain registration of a Geographical Indication under Geographical Indications of Goods Act, 1999 ? State the law of registration of geographical indications. Also comment on mandatory requirement of registration as authorised user.

माल अधिनियम, 1999 के भौगोलिक उपदर्शनों के अन्तर्गत भौगोलिक उपदर्शन का रजिस्ट्रीकरण कौन प्राप्त कर सकता है ? भौगोलिक उपदर्शनों के रजिस्ट्रीकरण की विधि का उल्लेख कीजिए। प्राधिकृत प्रयोक्ता के रूप में रजिस्ट्रीकरण की आज्ञापक अपेक्षा पर टिप्पणी लिखिये।

7. Explain the meaning of 'design'. Discuss the designs which are not registrable under the Designs Act. Also explain piracy provisions in respect of registered designs.

'डिजाइन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। उन डिज़ाइनों का विवेचन कीजिए जो डिजाइन अधिनियम के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरणीय नहीं हैं। रजिस्ट्रीकृत डिजाइनों के बारे में दस्युता उपबंधों की भी व्याख्या कीजिए।

8. Write short notes on any *two* of the following :

(*a*) Conflict of geographical indications with trademarks

(*b*) Exceptions to infringement with special reference to section 30(2)(d) of the Trademarks Act, 1999.

(*c*) Disparagement of trademark due to comparative advertisement.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये :

(*a*) व्यापार चिह्नों के साथ भौगोलिक उपदर्शनों का टकराव।

(*b*) व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 की धारा 30(2)(d) के विशेष निर्देश सहित अतिलंघन के अपवाद।

(*c*) तुलनात्मक विज्ञापन के कारण व्यापार चिह्न का अपकथन।